अध्याय 14: उपभोक्ता अधिकार

हांगकांग खरीददारी के लिए एक शानदार जगह है। लेकिन किसी भी अन्य जगह की भांति, आपको सबसे बढ़िया सौदा करने के लिए व्यावहारिक ज्ञान का प्रयोग करना पड़ता है।

सर्वप्रथम, अलग-अलग दुकानों (नीचे दी सूची देखें) पर दाम की तुलना करें। चूँकि हांगकांग में दाम पर कोई नियंत्रण नहीं है, उपभोक्ता अपनी इच्छानुसार दाम के लिए मोलभाव कर सकता है। अगर आपको पता चले कि एक वस्तु साथ की दूसरी दुकान में सस्ती मिल रही है और आपको यह एहसास हो कि आपसे अधिक दाम वसूला गया है तो ऐसी दशा में अपने पैसे वापस लेना आपके लिए बेहद कठिन होगा।

सलाह:सलाह: घूमते-फिरते खरीदें करें और खरीददारी करने से पहले दाम की तुलना करें। लेकिन यह देख लें कि दाम कि दाम कम है या नहीं – यह चाल हो सकती है!

सामांतर सामान खरीदना

हांगकांग एक मुक्त बंदरगाह है इसलिए आयातक अपनी मर्जी से किसी भी स्रोत से सामान आयात कर सकते हैं। इसका अर्थ है कि आपको सीधे फैक्ट्री तथा सामान के उत्पादक देश से सीधे आयात किए हुए नवीनतम मॉडल प्राप्त हो सकते हैं।

तथापि, कुछ उत्पाद प्राधिकृत एजेंटों के माध्यम से आने के बजाय हांगकांग में आ जाते हैं। यह "सामांतर आयात" या "काला बाजार" के सामान अक्सर प्राधिकृत एजेंट द्वारा लाए गए समान उत्पाद से सस्ते होते हैं। हांगकांग में यह अवैध नहीं है, लेकिन आपको अंतरराष्ट्रीय वारंटी नहीं मिलेगी। इसलिए यदि आप ऐसा खरीदना चाहते हैं जिसे आप उपहार के रूप में घर भेजने के इच्छुक हैं या अपने साथ वापस देश ले जाना

चाहते हैं तो आप ऐसा सामान खरीदना चाहिए जिस पर अंतरराष्ट्रीय वारंटी उपलब्ध हो।

सलाह:यदि आप समांतर आयात उत्पाद खरीदने के इच्छुक नहीं है, तो सदैव सेल्समैन को बताए कि आप ऐसा उत्पाद खरीदना चाहते हैं जिसकी गारंटी हांगकांग का प्राधिकृत एजेंट देता हो। भुगतान करने से पूर्व आप लिखित में गारंटी लें।

सामान लौटाना

सामान लौटने की नीति दुकान और व्यापार के अनुसार बदलती है। अधिकांश मामलों में केवल दोषपूर्ण सामान को ही बदलने के लिए लौटाया जा सकता है। अत: केवल इसलिए सामान को बदलने या लौटने की अपेक्षा न करें कि खरीददारी के बाद आपका विचार बदल गया।

चेतावनी:
बेईमान दुकानदारों से सतर्क रहें। हांगकांग में बैट-एंड-स्विच (किसी उत्पाद को कम दाम पर देने का वादा करना और फिर बताना कि केवल ज्यादा कीमत का उत्पाद उपलब्ध है) होता है। सदैव उत्पाद सूचना की पहले जांच कर लें।

खरीददारी करने के लिए स्मार्ट टिप्स

- हांगकांग में अपने दोस्तों से पूछें कि सबसे अच्छी दुकानें कहां हैं ताकि आपको अच्छे दाम मिल सकें।
- उत्पाद खरीदने से पूर्व विशेषताओं, जांच रिपोर्ट, कार्यनिष्पादन, और बिक्री पश्चात सेवा जैसी उत्पाद सूचना के लिए उपभोक्ता परिषद सलाह केंद्र या प्राधिकृत एजेंट के पास जाएं। एकबार आप मॉडल का निर्णय कर लें, तो दूसरा उत्पाद (उच्च दाम) खरीदने के बारे में सेल्स मैन की बात न सुनें।
- बेहद कम दाम बैट-एंड-स्विच का शिकंजा हो सकता है (ऊपर देखें)।

- भुगतान करने से पहले, दुकानदान से लेनदेन के दौरान जो वादा किया गया था उसे रसीद पर लिखने के लिए कहें।
- लेनदेन पूरा होने से पहले किसी भी व्यक्ति को अपना क्रेडिट कार्ड न दें। केवल क्रेडिट कार्ड की उसी पर्ची पर हस्ताक्षर करें जो उचित रूप से भरी गई हो। इस पर हस्ताक्षर करने के बाद वाउचर की प्रति लेना याद रखें।
- क्रेडिट कार्ड वाउचर पर हस्ताक्षर करने के बाद, लेनदेन पूरा हो जाता है। रद्द होने का अवसर बेहद मामूली है।
- खरीद के सारे विवरण जांच लें और सुनिश्चित करें कि वे रसीद पर लिखे हुए हैं। यदि वे सही नहीं हैं तो भुगतान मत करें।
- वस्तु की जांच करें और सुनिश्चित करें कि आपने जिसे खरीदने पर सहमति जताई थी यह एकदम वही है।
- विवाद होने पर, दुकान में न रुके और बहस न करें। रसीद लें और यथासंभव पुलिस या उपभोक्ता परिषद से संपर्क करें।

उपभोक्ता परिषद

उपभोक्ता स्वतंत्र सार्वजनिक संगठन है जो उपभोक्ता के रूप में आपके अधिकारों और हितों की रक्षा करता है। हांगकांग में खरीददरी के दौरान आपको अनुभव हुई किसी भी समस्या का समाधान करने में यह आपकी सहायता कर सकता है। इसकी शिकायत और पूछताछ हॉटलाइन है **2929-2222**. उपभोक्ता परिषद सलाह केंद्र निम्नलिखित पतों पर स्थित हैं -

हांगकांग आइलैंड

Address	Fax
North Point Consumer Council Advice Centre Room 1410, 14/F, Kodak House II 39 Healthy Street East, North Point, Hong Kong	2590-6271

कोवलून

Tsim Sha Tsui Consumer Council Services Centre G/F, 3 Ashley Road, Tsim Sha Tsui, Kowloon	2721-1580

न्यू टैरीटरीज

Tsuen Wan Consumer Advice Centre Room 105, 1/F, Princess Alexandra Community Centre 60 Tai Ho Road, Tsuen Wan, NT	2413-7042
Sha Tin Consumer Advice Centre Room 442, 4/F, Sha Tin Government Offices 1 Sheung Wo Che Road, Sha Tin, NT	2695-1964

उपभोक्ता सलाह केंद्र का कार्यालय समय:

सोमवार से शुक्रवार (सार्वजनिक अवकाश छोड़कर):

सुबह 9:00 से - दोपहर 1:00 बजे तक

दोपहर 2:00 से - शाम 6:00 बजे तक